भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या:*198

दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

निक्षय पोषण योजना

***198. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा देश में निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत क्षय रोग (टीबी) के मरीजों की पोषण संबंधी स्थिति को बेहतर करने के लिए आबंटित निधियों के उपयोग की निगरानी और मूल्यांकन करने हेतु उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) निक्षय पोषण योजना के लिए, विशेष रूप से तमिलनाडु के उत्तरी चेन्नई निर्वाचन क्षेत्र में क्षय रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए कुल कितना बजटीय आबंटन किया गया है;

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्षय रोगियों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत पर्याप्त पोषण संबंधी सहायता प्राप्त हो, वितरित/संवितरित निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या से संबंधित ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या*198 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

****

सरकार ने टीबी रोगियों के पोषण संबंधी सहायता करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के रूप में उपचार की अवधि के लिए 500 रुपये प्रति माह प्रदान करने के लिए अप्रैल 2018 में निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) शुरू की। अप्रैल, 2018 से 4 दिसंबर, 2023 तक, 95.93 लाख पात्र लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के रूप में संचयी रूप से 2617.44 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

सरकार राष्ट्रीय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तरों पर नियमित आधार पर निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) के अंतर्गत निधियों के आबंटन और उपयोग की निगरानी करती है। एनपीवाई की निगरानी और मूल्यांकन तंत्र में निम्न शामिल हैं: -

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के साझा समीक्षा मिशन दौरे
- कार्यक्रम प्रभाग द्वारा राज्यों और जिलों में सहायक पर्यवेक्षी क्षेत्रीय दौरे
- राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति द्वारा समीक्षा
- निक्षय पोर्टल में डैशबोर्ड के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाती है।

देश में टीबी रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करने के लिए निक्षय पोषण योजना के लिए वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के लिए कुल बजटीय आवंटन क्रमशः 777.39 करोड़ रुपये और 766.89 करोड़ रुपये है। तमिलनाडु में सभी पात्र टीबी रोगियों के लिए एनपीवाई के लिए संसाधनों का पर्याप्त आवंटन किया गया है, जिनमें से प्रत्येक को वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्येक को 30.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। तमिलनाडु राज्य स्तर पर एनपीवाई के तहत राशि का संवितरण करता है, तमिलनाडु ने वर्ष 2022 और वर्ष 2023 (जनवरी-4 दिसंबर) में सभी जिलों में पात्र लाभार्थियों को क्रमशः 25.06 करोड़ रुपये और 16.54 करोड़ रुपये का वितरण किया है। जिसमें से संबंधित कैलेंडर वर्षों में उत्तरी चेन्नई एनटीईपी जिले में 70.41 लाख रुपये और 43.26 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। वर्ष 2022 और वर्ष 2023 में भुगतान किए गए एनपीवाई का राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में है।

अनुलग्नक-I

निक्षय पोषण योजना की राज्यवार स्थिति (जनवरी 2022 से 4 दिसंबर 2023 तक)

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम	भुगतान किए गए लाभार्थियों की संख्या		कुल भुगतान की गई राशि (करोड़ रू. में)	
	2022 (जनवरी से दिसंबर)	2023 (4 दिसंबर 2023)	2022 (जनवरी से दिसंबर)	2023 (4 दिसंबर 2023)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	492	297	0.18	0.07
आंध्र प्रदेश	81927	49517	23.48	11.10
अरुणाचल प्रदेश	2754	1395	0.79	0.31
असम	42614	34413	12.41	8.04
बिहार	121257	85309	32.39	16.37
चंडीगढ़	3203	2206	0.99	0.50
छत्तीसगढ़	33862	20672	9.93	4.74
दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव	923	596	0.28	0.15
दिल्ली	58427	43458	17.67	9.29
गोवा	1740	817	0.46	0.19
गुजरात	117974	90492	34.61	20.96
हरियाणा	67390	55945	20.04	13.11
हिमाचल प्रदेश	16731	13279	4.87	3.14
जम्मू और कश्मीर	10667	7834	2.98	1.79
झारखंड	45889	34466	13.42	7.78
कर्नाटक	52820	315	12.01	0.05
केरल	19976	12408	5.68	2.47
लद्दाख	320	198	0.11	0.05
लक्षद्वीप	23	11	0.01	0.00
मध्य प्रदेश	174595	127252	48.66	29.51
महाराष्ट्र	189622	120895	61.98	28.78
मणिपुर	1689	984	0.50	0.23
मेघालय	4023	2908	1.24	0.66
मिजोरम	1916	1539	0.63	0.38
नागालैंड	3158	1733	0.92	0.36
ओडिशा	57221	44644	16.61	10.65
पुद्दुचेरी	1296	892	0.39	0.21
पंजाब	34572	2709	6.85	0.28
राजस्थान	145083	90833	41.40	21.04
सिक्किम	1271	582	0.43	0.12
तमिलनाडु	86545	71424	25.06	16.54
तेलंगाना	63645	40596	17.83	8.58
त्रिपुरा	3025	2412	0.88	0.56
उत्तर प्रदेश	409433	397961	105.71	77.22
उत्तराखंड	23138	16224	6.84	3.59
पश्चिम बंगाल	83520	49210	23.20	8.89
कुल	1962741	**1426426**	**551.43**	**307.71**

डेटा स्रोत: निक्षय

****